# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 14.12.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",अमर उजाला, दैनिक जागरण, न्यायाधीश, परफेक्ट मिशन,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 14.12.2024

### मुफ्त में दी 3.75 लाख की जमीन वीडीए ने किया सम्मानित

वाराणसी। सड़क चौड़ीकरण के लिए 3.75 लाख रुपये कीमत की जमीन लोकनाथ पटेल ने वीडीए को दी। इसके लिए वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने जमीन मालिक को सम्मानित किया। शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वीडीए उपाध्यक्ष ने जनहित के कार्य के लिए निजी भूमि निशुल्क देने पर प्रशंसा की।



लोकनाथ पटेल। स्रोत-वीडीए

सामान्य परिवार से आने वाले लोकनाथ पटेल ने रास्ता संकरा होने के कारण यहां होने वाले विकास कार्य में अड़चन न आए इसके लिए जमीन वीडीए को दी। वीडीए उयाध्यक्ष ने कहा कि लालपुर आवासीय योजना प्रथम चरण में मुख्य मार्ग से शिवनगर जाने वाले रास्ते के मार्ग पर होने वाले विकास कार्य में एक निजी जमीन बाधक बन रही थी। यहां दुकान, टॉयलेट, चाहरदीवारी के रूप में निर्मित 100 फीट लंबाई और पांच फीट चौड़ाई में आ रही निजी जमीन को लेने के लिए अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा और योजना सलाहकार प्रभाकर पांडेय को लगाया गया। भूमि स्वामी ने निशुल्क जमीन देने की बात कही। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 14.12.2024

### वीडीए ने दो अवैध निर्माण किए सील

वाराणसी। वीडीए की ओर से शुक्रवार को दो अवैध निर्माण सील किए गए। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार शिवपुर वार्ड के गणेशपुर में सुनील कुमार की ओर से बगैर मानचित्र स्वीकृत कराए गए अवैध निर्माण को सील किया। इसी प्रकार सिकरौल वार्ड के खजुरी में सईद के अवैध निर्माण को सील किया गया। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## दैनिक जागरण–दि0 14.12.2024

### सड़क चौड़ीकरण को दी निश्शुल्क भूमि, वीडीए ने किया सम्मानित

जागरण संवाददाता, वाराणसी : कुछ लोग सड़क चौड़ीकरण की विकास परियोजनाओं में एक-एक फुट भूमि के लिए अड़ंगा डालते हैं। इस वजह से परियोजनाएं वर्षों लंबित रहती हैं। ऐसे में लोकनाथ पटेल ने निश्शुल्क जमीन देकर बड़ी मिसाल की है। उनकी पहल का सम्मान करते हुए वीडीए के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को लोकनाथ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

लालपुर आवासीय योजना प्रथम चरण में मुख्य मार्ग से शिवनगर को जाने वाले रास्ते के चौड़ीकरण में बाधा आ रही थी। रास्ते पर 100 फीट में दुकान, टायलेट, चाहारदीवारी निर्मित है। यह भूमि और निर्माण लोकनाथ की निजी भूमि थी। लोकनाथ ने सड़क चौड़ीकरण से होने वाली सहूलियत को ध्यान में रखते हुए पहल की। उन्होंने अपनी भूमि पर 100 फीट तक 05 फिट चौड़ाई में आ रहे निर्माण प्राधिकरण को देने का प्रस्ताव दिया।

## न्यायाधीश–दि0 14.12.2024

### सड़क चौड़ीकरण में निःशुल्क भूमि देने पर भवन/भूमि स्वामी को दिया गया प्रशस्ति पत्र



वाराणसी ।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा सड़क चौड़ीकरण में आपसी सहमति व निःशुल्क भूमि देने पर भवन/भूमि स्वामी लोकनाथ पटेल को दिया गया प्रशस्ति पत्र।लालपुर आवासीय योजना प्रथम चरण में मुख्य मार्ग से शिवनगर जाने वाले रास्ते के मार्ग पर दुकान/टॉयलेट/ चाहरदीवारी के रूप में निर्मित 100 फिट लम्बाई एवं 05 फिट चौड़ाई में आ रहे निजी भूमि को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, श्री पुलकित गर्ग के निर्देशन में अपर सचिव, डॉ गुडाकेश शर्मा एवं योजना सलाहकार, प्रभाकर पाण्डेय के पहल पर भवन स्वामी लोकनाथ पटेल द्वारा स्वयं अपनी भूमि प्राधिकरण को आपसी सहमती बनाकर सड़क चौड़ीकरण के कार्य हेतु निःशुल्क दिया गया। सड़क चौड़ीकरण हेतु निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराने के पश्चात आज दिनांक 13.12.2024 को उपाध्यक्ष द्वारा भवन स्वामी लोकनाथ पटेल को जनहित के कार्य हेतु निजी भूमि प्राधिकरण को निःशुल्क उपलब्ध कराने पर भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी। साथ ही लोकनाथ पटेल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

## न्यायाधीश–दि0 14.12.2024

### जोन-1 की प्रवर्तन टीम द्वारा 02 अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गई



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1 की प्रवर्तन टीम द्वारा 02 अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी।वार्ड- शिवपुर, मौजा - गणेशपुर के अंतर्गत सुनील कुमार द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराए जी+1 का अवैध निर्माण तथा वार्ड - सिकरौल, मौजा- खजुरी में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए सईद द्वारा बीजी+1 के ऊपर सटरिंग का कार्य किये जाने पर उक्त दोनों अवैध निर्माण के विरूद्ध उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धारा के अंतर्गत आज दिनांक 13/12/2024 को सील की कार्यवाही की गयी।इसके तहत जोनल अधिकारी श्री सिंह गौरव जयप्रकाश अवर अभियंता विजय सिंह, प्रियाअग्रहरी तथा प्रवर्तन टीम उपस्थित रही।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## परफेक्ट मिशन–दि0 14.12.2024

### स्वेच्छा से जमीन देने वाले लोकनाथ पटेल को उपाध्यक्ष ने दिया प्रशस्तिपत्र



**परफेक्ट मिशन**

**वाराणसी।** लालपुर आवासीय योजना प्रथम चरण में मुख्य मार्ग से शिवनगर जाने वाले रास्ते के मार्ग पर दुकान, टॉयलेट, चहारदिवारी के रूप में निर्मित 100 फीट लम्बाई एवं 5 फीट चौड़ाई में आ रहे निजी भूमि को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशन में अपर सचिव डॉक्टर गुडाकेश शर्मा एवं योजना सलाहकार प्रभाकर पाण्डेय के पहल पर भवन स्वामी लोकनाथ पटेल द्वारा स्वेच्छा से अपनी भूमि प्राधिकरण को आपसी सहमति बनाकर सड़क चौड़ीकरण के कार्य हेतु निशुल्क दिया गया। सड़क चौड़ीकरण हेतु निशुल्क भूमि उपलब्ध कराने की पश्चात शुक्रवार को उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा भवन स्वामी लोकनाथ पटेल को जनहित के कार्य हेतु निजी भूमि प्राधिकरण को निशुल्क उपलब्ध कराने पर उनकी भूरि-भूरि की गई, साथ ही लोकनाथ पटेल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।